आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.06.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच द्वीपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई।

2. राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने अवैध घुसपैठियों पर गुजरात पुलिस का कड़ा प्रहार, ऑपरेशन डेल्टा हंट के तहत चार सौ चौबीस बांगलादेशी गिरफ्तार किए गए।

3. निम्बूडेरा में खेत बचाओं अभियान के तहत किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य एवं जैविक खेती पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

4. मूसलाधार बारिश के चलते द्वीप समूह में जन जीवन प्रभावित हुआ। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई।

**<><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा, ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। सुश्री रोड्रिगेज कल पाँच दिन की भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचीं। उनके साथ विदेश मामलों, अर्थव्यवस्था और वित्त, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा परिवहन मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल भी आया है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि वेनेजुएला का प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों से जुड़े कई स्थलों का दौरा करेगा। इसका उद्देश्य भारत की तकनीकी और औद्योगिक क्षमताओं का जायजा लेना और सहयोग के अवसरों का पता लगाना है। भारत, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्रों में वेनेजुएला का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है।

**<><><><><><>**

प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आज से ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक शुरू होगी। दो दिन की बैठक में चीन, ब्राज़ील, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया सहित 11 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**<><><><><><>**

गुजरात पुलिस ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन डेल्टा हंट की शुरूआत की है। इसके तहत पिछले 24 घंटों में गुजरात में अवैध रूप से रह रहे चार सौ चौबीस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि सात सौ बयासी से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी है। यह अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ शुरू किया गया था। गांधीनगर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले प्रत्येक घुसपैठिए का पता लगाया जाएगा, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया जाएगा।

**<><><><><><>**

श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ से उन्नीस जून तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन, और प्रशासनिक सदस्य सुचित्तो कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले CAT में लंबित है वे संबंधित दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता और पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों से अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

**<><><><><><>**

समाज कल्याण विभाग द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए एडिप और आरवीवाई योजना के अंतर्गत सहायक उपकरणों के वितरण हेतु दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करने जा रहा है। शिविर 22 जून सुबह 9 बजे से द्वीपों के विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों पर आयोजित किए जाएंगे। मूल्यांकन शिविर में आने वाले लाभार्थियों से अपना यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र, और आधार कार्ड साथ लाने को कहा गया है। आरवीवाई योजना के तहत आने वाले 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपना आधार कार्ड और 15 हजार रुपये से कम मासिक आय दर्शाने वाला आय प्रमाण पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी या संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

निम्बूडेरा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा केन्द्रशासित प्रदेश कृषि तकनीकी प्रबंधन एजेंसी एवं कृषि विभाग के सहयोग से 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत हरिनगर में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व, संतुलित एवं उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती पद्धतियों तथा किसानों के कल्याण हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने हरित खाद, समेकित पोषक प्रबंधन तथा अन्य सतत कृषि पद्धतियों के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों जैसे मिट्टी की उर्वरता में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में किसानों ने विशेषज्ञों से संवाद किया और फसल उत्पादन, पोषक प्रबंधन एवं सरकारी सहायता कार्यक्रमों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक कृषि ज्ञान के प्रसार एवं सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुआ। इस अवसर पर कुल 21 किसान एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

<><><><><><><>

विश्व हिंदू परिषद द्वारा हिंदुत्व, धर्मरक्षा एवं राष्ट्रहित के सशक्तीकरण के उद्देश्य से निकोबार जिला एवं कैम्पबेल बे प्रखंड के संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। यह घोषणा अंडमान–निकोबार के संगठन मंत्री अविनाश गौड़ द्वारा विशेष अतिथियों में ऋषि बंसल एवं विधायक डॉ. ऋतु बनावट की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर संगठन विस्तार, सामाजिक विकास तथा हिंदू समाज के संगठन एवं सशक्तीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। कैम्पबेल बे के कम्युनिटी हॉल में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में सेवाएं देने हेतु संसाधन व्यक्तियों का पैनल तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया है। अधिक जानकारी कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह बैडमिंटन संघ ने खिलाड़ियों, अभिभावकों, कोचों तथा संबद्ध इकाइयों को सूचित किया है कि बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा एक बार फिर अनधिकृत बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भागीदारी को लेकर नोटिस जारी किया गया है। संघ ने सभी खिलाड़ियों को निर्देश दिया है कि वे समय–समय पर BAI तथा ANIBA द्वारा जारी नियमों, विनियमों और दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करें। यह निर्देश एक जून से प्रभावी हो चुके है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला बैडमिंटन चौंपियनशिप, 6 से 8 जून तक राजधानी श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली थी, जिसे भारी वर्षा के कारण स्थगित कर दिया गया। अब यह चौंपियनशिप 13 से 15 जून तक आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9434280768 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'हैलो डॉक्टर' का कल शाम साढ़े पाँच बजे प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय "कोलन कैंसर—कारण, लक्षण एवं उपचार" है। कार्यक्रम में मिनिमल एक्सेस सर्जन (सर्जरी विभाग), डॉ. साजी वर्गीज दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। दर्शक इस दौरान 244745 तथा 245662 पर फोन कर अपने प्रश्न पूछ सकते है।

**<><><><><><><>**

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में पिछले 24 घंटों से लगातार भारी बारिश का दौर जारी है। राजधानी श्री विजयपुरम् सहित क्षेत्र के अनेक भागों में रुक–रुक कर हो रही तेज वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में मौसम की यह स्थिति आगे भी बनी रह सकती है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक सतर्कता बरती जा रही है। मछुआरों को समुद्र में ना जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**